हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जुलाई 2024

04 विद्यार्थियों को अपनी परंपरा से जुड़ा रहना चाहिए...



07 जालपा धाम पर अनेक काम अधूरे ही छोड़ गई...





**खबर संक्षेप**

### जेईई, नीट व क्लेट की निशुल्क कोचिंग

**सीहोर।** जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट सहित अन्य परीक्षाओं की कोचिंग फ्री दी जाएगी। यह कोचिंग इंदौर, भोपाल और जबलपुर में होगी। जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकांक्षा योजना बनाई है। योजना के तहत 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान की प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर चयन होगा। योजना के तहत 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा में 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर और क्लेट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना है। नीट और क्लेट में 200-200 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### इलेक्टिव सब्जेक्ट शामिल करना अनिवार्य

**सीहोर।** उच्च शिक्षण संस्थानों में एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में शामिल करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में यूजीसी ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत वैकल्पिक विषय केवल उन छात्रों को दिया जाएगा जो एनसीसी कैडेट्स रूप में नामांकित हैं। यूजीसी के निर्देश के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने इस मामले में काम करना शुरू कर दिया है। एनसीसी ने एनईपी 2020 के अनुरूप एक मानकीकृत सामान्य वैकल्पिक क्रेडिट कोर्स तैयार किया है।

### पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं

**सीहोर।** एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों के पदों की जानकारी अपडेट नहीं होने से शिक्षक परेशान हो रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में पद खाली पड़े हैं, लेकिन पोर्टल पर खाली पद डिस्प्ले नहीं हो रहे हैं। इस विसंगति के चलते विभाग उच्च पदों के प्रभार की प्रक्रिया ही शुरु नहीं कर पा रहा है। पिछले साल सितंबर में उच्च पद के प्रभार के लिए माध्यमिक शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों की काउंसलिंग की गई थी। लेकिन अब तक उच्च पदों का प्रभार ही नहीं मिला। पदों की जानकारी अपडेट नहीं होने के बारे में अधिकारी कुछ बता भी नहीं पा रहे हैं कि यह परेशानी कब तक ठीक होगी।

# अंधविश्वास: ढोंगी बाबा ने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती के साथ किया दुष्कृत्य, यूपी भागने की फिराक में था बाबा

### बाबा ने परिवार का दुख दूर करने का झांसा देकर पीड़िता को पूजा करने बुलाया था गांव के बाहर

**भैरुंदा।** अंधविश्वास में आकर एक युवती को ढोंगी बाबा ने अपने जाल में फंला लिया। बाबा ने परिवार का दुख दूर करने का झांसा देकर पीड़िता को गांव के बाहर बुलाया। इसके बाद भभूत के बहाने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती के बेहोश होने पर उसकी इज्जत को तार-तार कर दिया। मामला भैरुंदा थाने के गांव का है। ढोंगी बाबा गांव छोड़कर उत्तर प्रदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस के जाल में फंस गया।

भैरुंदा पुलिस के अनुसार 7 जुलाई को 24 वर्षीय युवती ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता को एक माह पूर्व करंट लग गया था एवं घर में अन्य समस्या चल रही थी। करीब चार दिन पूर्व पिता की जान पहचान के बाबा मंगल मेहरा बाबा पिता हजारीलाल मेहरा (60) पीड़िता के पिताजी को देखने के लिए घर



आए थे। बाबा ने पिता को देखकर बोला कि मैं बैठक कर दूंगा तो वह अच्छे हो जाएंगे। 6 जुलाई को पीड़िता मंगल बाबा के घर ग्राम सोनखेड़ी गई थी, तब वहां बाबा ने सामग्री की सूची बनाकर दी थी। फिर 7 जुलाई को सुबह पीड़िता पूजा का सामान खरीदकर अपने छोटे भाई के साथ पूजा कराने के लिए बाबा के घर पर गई थी। इस समय बाबा ने अपनेघर कुछ देर पूजा करने के बाद बाद कहा कि यहां तो पूजा खण्डित हो गई है हम गांव के बाहर काकड़ पर चलते हैं। फिर पीड़िता अपने भाई के साथ अतरालिया रोड पर स्थित बड़ी पुलिया के पास काकड़ पर पहुंच गई। जहां मंगल बाबा भी आ गया।

**पीड़िता के भाई को रोड पर खड़ा होने भेज दिया बाबा ने:** काकड़ पर पूजा करने के पहले मंगल बाबा ने पीड़िता के भाई से कहा कि तुम रोड पर जाकर खड़े हो जाओ कोई आए तो आवाज दे देना, नहीं तो पूजा खण्डित हो जाएगी और तुम दो घंटे बाद आ जाना। जिससे पीड़िता का छोटा भाई वहां से दूर रोड पर चला गया। उसके बाद बाबा ने वहां पूजा की सामग्री बिछाकर पूजा शुरू कर दी ओर पीड़िता से कहा कि ओर दो तीन लोग आने वाले हैं उनकी भी पूजा सामग्री रखी है। तुम्हारी पूजा करने के दो दिन बाद उनकी पूजा भी करनी है। कुछ देर पूजा करने के बाद बाबा ने पीड़िता को भभूत दी ओर थोड़ा सा जल दिया जिसे खाने के बाद वह बेहोश हो गई। करीब दो घंटे बाद दोपहर 3 बजे वहां पीड़िता का भाई आया जिसने देखा कि बाबा उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर रहा है। तब आरोपी बाबा पीड़िता के भाई को देखकर वहां से भाग गया, तब तक पीड़िता बेहोश थी। फिर पीड़िता के भाई ने उसे होश में लाया। तब पीड़िता और उसके भाई ने थाना में आकर रिपोर्ट की। जिसपर अपराध धारा 64 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### उत्तर प्रदेश भागने की तैयारी में था ढोंगी बाबा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

अपराध पंजीयन के पश्चात घटना की गंभीरता को देखते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने आरोपी बाबा की तुरंत ही गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी भैरूंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी ने आरोपी बाबा की तलाश के लिए टीम गठित की। आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की। इस बीच अपराध के बाद ढोंगी बाबा उत्तर प्रदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस की जाल में फंस गया। पुलिस ने आरोपी बाबा को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। आरोपी बाबा का मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया।

### कई बार गाय से टक्कर होने जाने के कारण नागरिक घायल हो जाते हैं

# दुर्घटना में घायल हो रही हैं गाय, घर से बाहर करने पर धूमती रहती हैं सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की सड़क पर बेसहारा घूम रहे गोवंश जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान। किसानों को रातभर जागकर करनी पड़ रही रखवाली। चारे का इंतजाम न होने से गोशाला खाली पड़ी है। सड़कों पर गायों का खड़े रहने के कारण आवागमन बाधित तो होता ही है। साथ ही कभी वाहनों से गाय घायल हो जाती है जिससे अनेक गायों की मौत तक हो चुकी है।



कई बार गाय से टक्कर होने के कारण नागरिक घायल हो जाते हैं। यहां तक कि मौत तक हो जाती है। यदि गाय सड़क पर ना रहे तो इस प्रकार आए दिन हो रही दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं।भैरंदा नगर के नागरिक ओर समाजिक लोगों का कहना है जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर बेसहारा घूम रहा है।साथ ही खाने-पीने की तलाश में वाहनों की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। गोवंश सड़कों पर डेरा जमाए रहती है जिससे हर पल हादसों का खतरा बना रहता है। गोवंश की दुर्दशा को देखकर गोसेवक व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग करको लेकर ज्ञापन भी सौंप चुके हैं, परंतु अभी तक किसी ने गोसेवकों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर बेसहारा घूम रहा है। साथ ही खाने-पीने की तलाश में वाहनों की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। गोवंश की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

### लाठी खाने को मजबूर हैं गाय

भूखी प्यासी गाय जब अपनी भूख मिटाने के लिए सब्जी फल के ठेलो पर मुंह मारती है तो अनेक दुकानदारों के द्वारा गाय को लाठी मारी जाती है। क्योंकि उनको गाय से नुकसान हो रहा होता है। गाय भी कहां जाए क्या खाए इस कारण ठंडे खाकर भी सब्जी खाने को विवश होती है। लोग को जरुर गायों को बची हुई सब्जी या सब्जी वालों के द्वारा लाए जाने वाले पत्ते आदि मिल जाते हैं। अब वह भूखी रहती है।

### किसानों को करना पड़ती है फसलों की रखवाली

*सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों से अपनी फसल को बचाने के लिए किसानों को खेतों पर ,रातभर जागकर रखवाली करनी पड़ रही है। आवारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए किसानों को दिन-रात जागकर ड्यूटी देना पड़ रही है। हालांकि सड़क पर घूम रहे गोवंश की परेशानी का मुख्य कारण किसान ही है, क्योंकि दूध देना बंद करने के बाद वे खुद गायों को छोड़ देते है। इस कारण बेसहारा मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है।*

## सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने जमा की दो लाख रुपए जुर्माने की राशि

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के आदेश पर सीहोर के सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने जुर्माने की राशि दो लाख रुपए जमा करा दी है। स्कूल प्रबंधन ने उपस्थित होकर कलेक्टर के आदेश के पालन में लिखित रूप से फीस वृद्धि तत्काल वापस ले ली है। इसके साथ ही शिक्षा सत्र 2023-24 की फीस का समायोजन आगामी शिक्षा सत्र 2024-2025 करने की सहमति दी है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बताया कि सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन ने कहा कि पालक किसी भी दुकान से पुस्तके क्रय कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का कोई दबाव पुस्तक क्रय करने के लिए पालकों पर नहीं बनाया जाएगा। स्कूल प्रबंधन द्वारा हर धर्म का समान भावना से आदर करने तथा सर्व धर्म में विश्वास की बात कही।

**जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर की गई थी कुर्की :** जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर गत दिनांक राजस्व विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका की टीम द्वारा सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई कुर्की की कार्रवाई में लगभग दो लाख रुपये मूल्य के संस्था के 15 कम्प्यूटर जब्त किए गए थे।

**शिकायत सही पाए जाने पर कलेक्टर ने लगाया था जुर्माना :** सीहोर के सेन्ट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा फीस वृद्धि और एक ही दुकान से छात्र-छात्राओं को पुस्तकें खरीदने की शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायत सही पाए जाने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सेन्ट एन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। साथ ही जुर्माने की राशि सात दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए थे।

## कार्रवाई : कृषि साख सहकारी संस्था छिदगांवमौजी के प्रबंधक निलंबित

**सीहोर।** बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित छिदगांवमौजी जिला सीहोर के प्रबंधक अशोक मीना को मूंग एवं खाद के कार्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाए जाने पन निलंबित कर दिया गया है। छिदगांवमौजी के प्रबंधक का प्रभार राधेश्याम सोलंकी पर्यवेक्षक शाखा लाड़कुई को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ सौंपा गया है।

भैरूंदा एसडीएम द्वारा उनको प्राप्त शिकायत के संबंध में पवन पुत्र फूड पार्क ग्राम बीजला का निरीक्षण किया गया था। एसडीएम द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित छिदगांवमौजी जिला सीहोर के प्रबंधक अशोक मीना को मूंग एवं खाद के कार्य में लापरवाही बरतने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

## एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आवेदन 15 जुलाई तक, राज्य शिक्षा केन्द्र ने इस संबंध में लिखा पत्र

**सीहोर।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण (अंग्रेजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग इंस्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई तक जमा कराये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिखकर प्रत्येक जिले से कम से कम 2 पात्र आवेदकों के आवेदन **rsk.mponline.gov.in** के माध्यम से भेजने के निर्देश दिये गये हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 के लिये आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में कौशल विकास किया जाता है।

## किसानों को कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए वेब ब्राउजर पर **kisan.mp.gov.in** वेबसाइट के माध्यम से स्वयं या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें। जिले के किसान भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए वेब ब्राउजर पर जाकर **kisan.mp.gov.in** यूआरएल के माध्यम से कृषक भाई स्वयं ही पंजीयन कर सकते हैं। किसान पोर्टल पर जाने के लिये दिए गए यूआरएल **kisan.mp.gov.in** वेब ब्राउजर पर अंकित करें। कृषि योजना में पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन पर क्लिक करें। कृषि योजना के लिये पंजीयन करे, लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब में पंजीयन पेज ओपन हो जाता है तथा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण - पत्र यदि आवेदक अनु.जाति,अनु.जनजाति का हो तो जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़े और आगे बढ़े बटन पर क्लिक करने के बाद, किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है। आधार नंबर द्वारा पंजीयन अथवा भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें ऑप्शन में से किसी एक ऑप्शन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## जिले में अब तक 202.5 एमएम औसत बारिश दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 28.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 15, आष्टा में 56, जावर में 16, इछावर में 109, भैरूंदा में 9, बुधनी में 5, रेहटी में 13 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से आठ जुलाई को सुबह 8 बजे तक 202.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 240.2 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से आठ जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केंद्र सीहोर में 246.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 266.5, आष्टा में 177, जावर में 161.3, इछावर में 384.5, भैरूंदा में 126, बुधनी में 117 तथा रेहटी में 141.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अमृत-2 योजना : शहर में 95 किमी में बिछाया जा रहा जाल, पानी की किल्लत होगी दूर

# 27 करोड़ से डाली जा रही पाइप लाइन, 10 हजार परिवारों को होगा फायदा, 7 टंकियां भी रखवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अमृत 2 योजना के तहत लोगों को पानी की किल्लत से निजात दिलाने के लिए शहर में 95 किलोमीटर एरिया में पाइपलाइन का जाल बिछाया जा रहा है।

प्लान के तहत काहेरी से सीहोर तक 50 किलोमीटर लंबी और 200 से 250 एमएम की पाइपलाइन डाली जा रही है, जो 20 प्रतिशत रिपेयर और 80 प्रतिशत पूरी बदली जा रही है। जिससे बार-बार लाइन डेमेज की परेशानी नहीं होगी। वहीं जहां पाइपलाइन के बार-बार फूटने और गंदा पानी आने की शिकायत थी, वहां पुरानी पाइपलाइन उखाड़कर उसके स्थान पर नई डाली जा रही है। वहीं इंग्लिश पुरा वाली लाइन में लोगों द्वारा गंदा पानी आने की शिकायत थी, जिसे बदलकर नई लाइन डालने का काम जारी है। इस पूरे प्लान में 27 करोड़ की लागत खर्च की जा रही है। जिससे लगभग दस हजार परिवारों को सीधे तौर पर फायदा होगा और जलसंकट से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।



### यहां डाली जा रही पाइपलाइन

जिन कॉलोनियों में अभी पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है उनमें गंज, इंग्लिशपुरा, मंडी क्षेत्र, बड़ियाखेड़ी और एक, दो, तीन नंबर वार्ड में लाइन डालने का काम जारी है।

**जल संकट से मिलेगी राहत :** शहर में अभी वर्तमान में लोगों को तीन टंकियों से पानी सप्लाई किया जाता हैं। वहीं नप द्वारा नगर के अलग-अलग क्षेत्र में सात नई टंकियां रखवाई जा रही है। जिनमें इंदौर नाका, हाउसिंग बोर्ड और पुराने आरटीओ ऑफिस के पास आदि जगह रखवाई जाएंगी। जिनकी क्षमता आबादी के हिसाब से 13 लाख, 10 लाख होगी। भविष्य में इनकी संख्या बढ़कर दस हो जाएगी।

जिससे जिन क्षेत्रों में पानी का पलो कम होता था या कम प्रेशर से पानी पहुंचता था वहां अब प्रेशर से पानी पहुंच सकेगा। जिससे लोगों को जलसंकट के समय थोड़ी राहत मिलेगी।

### जलसंकट से निजात के लिए सात नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा

नप जल शाखा प्रभारी एई रमेश वर्मा ने बताया कि बदली और कई जगह नई डाली जा रही है। वहीं जलसंकट से निजात दिलाने के लिए सात नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा। जिनकी क्षमता आबादी के हिसाब से कहीं 13 लाख तो कहीं 10 लाख होगी।

## मानव अधिकार संबंधी शिकायत अब ऑनलाइन

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल **www.hrcnet.nic.in** पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**



### पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर** । वृहद पौधरोपण अभियान के अंतर्गत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा ने सांसे हो रही कम आओ पेड़ लगाएं हम का संदेश देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान की जानकारी दी। इस अभियान के अंतर्गत जिला एवं तहसीलों पर जल की उचित व्यवस्था एवं संरक्षित स्थानों पर पौधों को रोपित करने के साथ-साथ संरक्षित भी किया जा रहा है।

### आर्यावर्त विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव, दीक्षारंभ व सम्मान समारोह

# विद्यार्थियों को अपनी परंपरा से जुड़ा रहना चाहिए क्योंकि राष्ट्र का जन्म उसी से होता है : तपन भौमिक

### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित श्री कृष्णा विश्वविद्यालय की शोधार्थी कत्थक नृत्यायिका डॉ. एस. पी. स्वाति ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर के सभागार में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन हुआ। दीक्षारम्भ कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यार्थी व शिक्षक सम्मान समारोह मुख्य रहा। समारोह में मुख्य अतिथि तपन भौमिक, पूर्व अध्यक्ष म.प्र. पर्यटन निगम मण्डल, विशिष्ट अतिथि प्रो भरत शरण सिंह, अध्यक्ष म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल, विधायक सुदेश राय, संजय पाठक, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षण मण्डल, डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, कुलाधिपति आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर, प्रो. गोवर्धन दास, डायरेक्टर आईसर भोपाल और मनोज सिंह पूर्व डायरेक्टर म.प्र. पर्यटन विभाग, विजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत के प्रान्तअध्यक्ष व श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तपन भौमिक ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपनी परम्परा से जुड़े रहने की सलाह देते हुए कहा कि प्रिय विद्यार्थियों सब राष्ट्रों का जन्म और पालन पोषण अपनी-अपनी परम्परा में होता है। विशिष्ट अतिथि प्रो भरतशरण सिंह ने कहा कि आर्यावर्त विश्वविद्यालय के संचालकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय



निश्चित ही अपने नाम के अनुसार मुकाम हासिल करेगा।मैं आप सभी की सफलता और खुशी की कामना करता हूँ। विधायक सुदेश राय ने कहा कि उच्च शिक्षा जीवन के नए क्षितिज खोलता है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने नवाग्नातुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा मानव का सर्वागीण विकास करती हैं जिससे आपका सत्य, धार्मिक आचरण, प्रेम, अहिंसा, शांति जैसे सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित चरित्र निर्माण होता है तथा आत्म जागरूकता, करुणा और एकता विकसित करने में सहायता मिलती है। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. एस.पी. चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों, संचालित पाठ्यक्रमों, परीक्षा, मूल्यांकन और प्रवेश सम्बधी मानदंड शैक्षिक वातावरण और नवाचार सामाजिक और सांस्कृतिक समावेशित छात्रवृत्ति आदि विषयों को विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने के उद्देश्य से आर्यावर्त विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षारंभ कार्यक्रम किया गया है। यहाँ नई तकनीकी शिक्षण प्रणाली के साथ योग्य अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा अध्ययन कराते हुए नवाचार को भी बताया जाएगा। शिक्षा में नवाचार का लक्ष्य सभी स्तरों पर छात्रों के लिए सीखने को अधिक व्यक्तिगत, आकर्षक और प्रभावी बनाना है। शिक्षा में नवाचार को अपनाकर, शिक्षक अधिक गतिशील और प्रभावी शिक्षण वातावरण बना सकते हैं जो छात्रों को आज की तेजी से बदलती दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दक्षता विकसित करने में मदद करता है। हम आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख भारतीय शिक्षण मंडल माननीय डा संजय पाठक ने गौतम बंधुओ को शुभकामनायें देते हुए कहा कि आपने आर्यावर्त विश्वविद्यालय की स्थापना कर सराहनीय प्रयास किया है। विश्वविद्यालय अपने नाम के अनुरूप अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। विद्यार्थियों से कहा कि श्रद्धावान लभते ज्ञानं , श्रद्धावान व्यक्ति ही ज्ञान के लाभ को प्राप्त कर सकता है अतः अपने शिक्षकों के प्रति सच्ची श्रद्धा रखें जिस प्रकार से एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य को श्रद्धापूर्वक गुरु बनाकर ज्ञान के लाभ को प्राप्त किया है और सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बना है उसी प्रकार सच्ची निष्ठां और ध्येय के साथ अपने लक्ष्य कि ओर बढ़ें सफलता निश्चित प्राप्त होगी आप सभी गुरुजन व विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करें यही मेरी अभिलाषा है। डायरेक्टर आईसर भोपाल प्रो. गोवर्धन दास ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह



संस्थान निश्चित ही विद्यार्थियों के सफल जीवन का मार्ग प्रशस्त करेगा साथ ही उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों हेतु शिक्षण के साथ-साथ नयी शिक्षा नीति अनुसार शोध कार्य पर विशेष कार्ययोजना बनाने कि आवश्यकता है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके । समारोह में उत्कृष्ट विद्यार्थियों सहित शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से दो बार सम्मानित कत्थक नृत्यांगना डॉ. एस.पी. स्वाति जो कि श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर की शोध छात्रा रही हैं ने अपनी प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एकल, समूह एवं राजस्थानी घूमर नृत्य का प्रदर्शन कर मनमोहक प्रस्तुति से समारोह को आकर्षक बनाया। समारोह में भोपाल एवं सीहोर जिले सहित लगभग 1000 विद्यार्थियों एवं 250 से अधिक शिक्षकों का सम्मान किया गया साथ ही उपस्थित पत्रकार बंधुओं सहित गणमान्य नागरिकों को भी आर्यावर्त विश्वविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन माधव शरण पाठक एवं बृजेश पाटीदार ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन सस्वर राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड,जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्व शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में सीहोर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत 3 सर्वश्रेष्ट विद्यार्थियों का दल भाग लेगा। पर्यटन क्विज 2024 के पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 08 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। पंजीयन के लिए लिंक https://www.mptourism.com/tourismquiz2024/schools/ पर पंजीयन किया जा सकता है। प्रत्येक दल मे तीन सदस्यो का होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता के पंजीयन का उत्तरदायित्व संस्था प्राचार्य का होगा। जिले के सभी संकुल प्राचार्य एवं प्राचार्य सहित जिले के सभी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक विद्यालय का दल सम्मिलित कराए जाने के निर्देश दिए गए है। प्रतियोगिता कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व,पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित की जायेगी।

## इटली की कंपनी की फॉगिंग मशीन ने किया डेमो

**सीहोर**। बारिश के बाद शहर में तेजी से मच्छर की भरमार हो गई है। नगर पालिका अपने संसाधनों से इस मौसम में डीजल इंजन आधारित थर्मल फागिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे मच्छरों का उन्मूलन नहीं हो पाता है, लेकिन सोमवार को इटली की कंपनी की फॉगिंग मशीन ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदों के अलावा नगर पालिका के अधिकारियों के समक्ष शहर के कोतवाली चौराहे से लेकर अटल चौराहे तक इसका प्रयोग किया था। इस मशीन को देखने वालों की भीड़ जमा हो गई थी, कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इसकी लागत करीब 25 लाख के आस-पास है और यह लगातार तीन घंटे तक अपना कार्य कर सकती है। जिससे तेजी से कार्य हो सकता है। जिसका इस्तेमाल विकसित देशों द्वारा मच्छरों के उन्मूलन हेतु किया जाता है। वर्तमान में इस मशीन का प्रयोग कर बताया गया है। इसके बाद जनता और परिषद की राय के बाद इस मशीन का प्रयोग कर शहर के मच्छर मुक्त किया जा सकता है। शहर के अटल चौराहे पर नपाध्यक्ष श्री राठौर के साथ मुकेश मेवाड़ा, अर्जुन राठौर, अजय पाल, विजेन्द्र परमार, संतोष शाक्य, नरेन्द्र राजपूत आदि पार्षद और शहरवासी मौजूद थे।



## गड्ढों के कारण लोग उठाते हैं परेशानी दो माह से समस्या, जिम्मेदार बेपरवाह

### सीवरेज लाइन बिछाई सड़क मरम्मत भूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के वार्डों में सीवरेज लाइन बिछाई, जिसके लिए सड़क खोदी, लेकिन सड़क की मरम्मत अभी तक नहीं की। इस पर आवागमन को लेकर हर दिन राहगीरों, वाहन चालकों, छात्रों को परेशानी उठानी पड़ती है। परेशान लोग अनेक बार नगर परिषद प्रशासन से सड़क की मरम्मत करवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं।

भैरूंदा नगर के मुख्य बाजार से सब्जी मंडी जाने वाले मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने को लेकर दो माह पूर्व सड़क की खुदाई की थी। कार्य चलने के दौरान परेशान हुए क्षेत्र के लोगों ने कार्य पूर्ण होने पर शीघ्र ही सड़क की मरम्मत की उम्मीद में चुप्पी साधे रखी, लेकिन काम होने के बाद जब मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी जिमेदारों दी गई थी की शीघ्र ही मरम्मत कार्य हो जाएगा, लेकिन इंतजार लम्बा होता जा रहा है। सीवरेज कार्य पूर्ण हुए दो माह हो गए, लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। इस पर मार्ग में हुए बड़े-बड़े गड्ढों पर राहगीरों, वाहन चालकों को हर दिन बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। बारिश होने पर इनमें पानी भर जाने से नहीं दिखाई देने पर कई राहगीर, वाहन चालक इनमें गिरकर चोटिल,घायल हुए।

इस मार्ग पर शहर का सबसे ज्यादा सरकारी दफ्तर है और शासकीय महाविद्यालय जाने का मार्ग है। हर दिन सैकड़ों बालिकाएं मार्ग से आवाजाही करती हैं। इस पर खस्ताहाल सड़क पर उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है,लेकिन सिवरेज लाइन के ठेकेदार की मनमानी के आगे जिम्मेदार नतमस्तक है।



### शीघ्र मरम्मत करवाएं-

परियोजना प्रबंधक अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि भैरुंदा में सीवरेज लाइन में खुदाई की गई सड़क पर मरम्मत कार्य के संबंध में जनकारी मिली है मरम्मत कार्य कराने ठेकेदार इंजीनियर को सूचना करेंगे।

### मीटर से छेड़छाड़ करने पर हो सकता है कारावास

**सीहोर**। यदि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर, उपाय एप एवं आनलाइन वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

बिजली वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों के निराकरण की माकूल व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कृत्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाही होगी। बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर 3 वर्ष तक का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

## परिवार कल्याण की अस्थाई सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व जनसंख्या स्थिरता माह (11 जुलाई से 11 अगस्त) के तहत वर्ष 2023-2024 में परिवार कल्याण अस्थायी सेवाओं, अंतरा इंजेक्टेबल, ईएसबी-1 एवं ईएसबी-2 सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं तथा अंतरा सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएचओ को आष्टा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले को भारत सरकार द्वारा परिवार विकास कार्यक्रम मिशन में शामिल किया गया है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार के लक्ष्य अनुसार जिले की प्रजनन दर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें परिवार कल्याण अस्थायी सेवाओं की महती भूमिका है।

जनसंख्या स्थिरता माह-2024 के अंतर्गत लक्षित वर्ष 2023-2024 में अंतरा इंजेक्टेबल सेवाएं संस्था स्तर पर प्रदान करने के लिए हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर हकिमाबाद को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार बोरखेड़ा तथा तृतीय पुरस्कार एचडब्ल्यूसी बैदाखेडी को प्रदान किया गया।

इंएसबी-1, ईएसबी-2 सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने क लिए आशा कार्यकर्ता हमीदा बी (कनोदमिजर्जी) को प्रथम पुरस्कार, रेखा बाई (ग्वाली) को द्वितीय पुरस्कार, राजकुमारी बैरागी (पटारिया गोयल) को तृतीय पुरस्कार तथा, इंजेक्टेबल प्रोत्साहन के लिए आशा कार्यकर्ता प्रथम सुंदरबाई (काकरियाखेडी), द्वितीय वंदना कोली (मैना), तृतीय पुरस्कार आशा बाई (सिद्धिकगंज) को प्रदान किया गया।



### मूंग और उड़द का 31 जुलाई तक होगा उपार्जन

**सीहोर**। ग्रीष्मकालीन मौसम वर्ष 2024 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत प्रदेश के जिलों में समर्थन मूल्य पर कृषकों द्वारा उत्पादित ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की उपज का उचित दर पर उपार्जन करने का निर्णय लिया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया है कि उपार्जन कार्य 24 जून से आरंभ हो गया है। किसान भाईयों से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन 31 जुलाई तक किया जायेगा।

## शहर के संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**सीहोर**। नशीली पदार्थो सेवन करने से आपको और आपके परिवार को बहुत दर्द झेलने का सामना करना पढ़ सकता है। तो ऐसी कोई से नशीले पदार्थो का सेवन ना करे और ना आपके चाहने बालो को करने दे। अगर आप को व्यक्ति को समझाकर उसकी गलत संगत छुडवा सकते हो तो आपके लिए वो एक आशीर्वाद से कम नहीं है। मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि उसे स्वयं पर ही विश्वास नहीं होता कि उसके भीतर इतनी शक्तियां विद्यमान हैं। उक्त विचार मंगलवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान यहा पर पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के भतीजे पंडित शिवम मिश्रा ने कहे। इस मौके पर पंडित मिश्रा का यहां पर मौजूद अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, विकास अग्रवाल, विठलेश सेवा समिति की ओर से कुणाल गोस्वामी, अमित जैन, कमलेश राय आदि ने किया।

पंडित मिश्रा ने कहा कि अस्तित्व में मौजूद हर वस्तु में ऊर्जा है। मनुष्य के भीतर भी ऊर्जा का असीम स्नोत है, लेकिन वह कभी यह विश्वास नहीं कर पाता है कि ऐसी अद्भुत और विलक्षण ऊर्जा उसके भीतर निहित है। मनुष्य अगर ठान ले, तो इस ऊर्जा की बदौलत कुछ भी कर सकता है। मनुष्य अपनी ऊर्जा को हर जगह खोजता है, लेकिन अपने भीतर झांककर नहीं देखता। वह हथेलियों से अपनी आंखें ढककर अंधकार की शिकायत जरूर करता है, लेकिन अपने भीतर नहीं झांकता। मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि उसे स्वयं पर ही विश्वास नहीं होता कि उसके भीतर इतनी शक्तियां विद्यमान हैं। यदि मनुष्य अपनी मन की गहराइयों में जाए तो वह अपनी शक्तियों को पहचानकर और उनका इस्तेमाल करके असंभव कार्य को भी संभव कर सकता है।

### नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगदीश, भक्तों ने खींचा रथ, बरसाए फूल

# नगर भर में जगह-जगह हुआ महाप्रभु के रथ का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

जय जगदीश,जग्गनाथ के भात, जगत पसारे हाथ के जयघोष के साथ रविवार को बागली में महाप्रभु जगदीश की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा निकलने के पूर्व पंडित कनिष्क द्विवेदी,प.ओमप्रकाश शर्मा, प.मुकेश शर्मा के आचार्यत्व में ब्राह्मण बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान का पूजन किया गया। इसके उपरांत आकर्षक फूलों से सुसज्जित रथ में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा व स्वामी जगन्नाथ जरी की आकर्षक पगड़ी पहन कर विराजे। रथ का प्रथम पूजन परंपरानुसार बागली रियासत के प्रमुख राघवेंद्र सिंह व अपूर्व विक्रम सिंह ने किया।तत्पश्चात नप अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव,उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे आदि ने भगवान का पूजन अर्चन किया। वही राघवेंद्र सिंह व ब्राह्मण बटुकों ने सांकेतिक रूप से रथ को रस्सी से खींच कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा की प्रथम पंक्ति में वागयोग चेतना पीठ के ब्राह्मण बटुक चल रहे थे। द्वितीय पंक्ति में बैंड बाजे व ढोल थे। भक्त जयघोष के साथ रथ को श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव और अपार उत्साह के साथ खींचते हुए ले जा रहे थे। रथ यात्रा में सम्पूर्ण नगर के नगरवासी शामिल हुए। भक्ति गीतों पर पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी झूमते नजर आए। रथ यात्रा का अनेक सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। वही नगर की सद्भावना और धार्मिक सौहाद्र की परंपरा का सदैव की तरह निर्वहन करते हुए भगवान जगदीश की रथ यात्रा का स्थानीय नूरी मस्जिद के समीप पहुंचने पर नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी व बोहरा समाज ने भी स्वागत किया। यात्रा में विशेष रूप से हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी के साथ रात्रि 8 बजे यात्रा पुनः मन्दिर पहुंची, जहां पुजारी पं रविकांत व्यास, सत्यनारायण व्यास,मोहित व्यास द्वारा अटका चढ़ाया गया व महाआरती के बाद भात प्रसाद का वितरण किया गया। महिला, पुरुष व समीप गांवों के श्रद्धालु बड़ी तादाद मे उपस्थित थे। कार्यक्रम में जगदीश मन्दिर सेवा समिति का विशेष योगदान रहा।



### 127 वर्ष पुरानी है परंपरा

भूतपूर्व सैनिक व पुजारी परिवार के प.आनंद कुमार व्यास ने बताया की प्राचीन जगदीश मंदिर में अटका चढ़ाने की परंपरा 127 वर्ष पुरानी है। मिट्टी की मटकी में घी चावल का प्रसाद रखने के बाद भगवान को कपड़े के माध्यम से चखाया जाता है।उसके बाद मटकी को भगवान के सम्मुख अर्पित किया जाता है। मटकी कमलाकार में खिल जाती है,इसी प्रक्रिया को अटका कहा जाता है।मान्यता है की अटका चढ़ाने वाले श्रद्धालु की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इस वर्ष का पहला अटका मंदिर समिति व दूसरा अटका नप उपाध्यक्ष विपिन शिवहरे की और से चढ़ाया गया था।

### 400 पेड़ काटे थे, बदले में नहीं करवाया गया पौधरोपण

# जालपा धाम पर अनेक काम अधूरे ही छोड़ गई निर्माण एजेंसी

## मंदिर पहुंचे पूर्व विधायक ने अफसरों से रखी मांग, सभी काम जल्द करवाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां जालपा धाम के लिए मध्यप्रदेश शासन ने डामरीकृत पहुंच मार्ग, रिटेनिंग वॉल समेत विभिन्न कार्यों के लिए 3 करोड़ 87 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। लोक निर्माण विभाग ने इस कार्य का जिम्मा राजलक्ष्मी कन्स्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा था। लेकिन, यह कंपनी अनेकों कामों को अधूरा छोड़कर काम पूर्ण करके चली गई है। इसके साथ ही कुछ काम ऐसे भी जो अमानक स्तर के कर दिए गए जो अब उभरकर सामने आ रहे हैं। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने सोमवार दोपहर मंदिर परिसर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अधूरे कार्यों एवं छोड़ी गई कमियों के संबंध में पीडल्यूडी के अफसरों से चर्चा करते हुए उन्हें पूर्ण करवाने की मांग रखी। तंवर ने इस संबंध में बिन्दुवार एक पत्र भी कलेक्टर राजगढ़ को लिखते हुए अपूर्ण कार्यों के प्रति ध्यान आकृष्ट करवाया है।

### स्वीकृत कार्यों में से ये कार्य अपूर्ण

सड़क निर्माण के साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार के सामने से होते हुए पानी टंकी तक कॉटन वॉल का निर्माण होना था, जो कि नहीं करवाया गया है। पहाड़ी पर कटाव न हो, इस हेतु पिचिंग करवाई जानी थी लेकिन नहीं कराई गई है। मार्ग निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा के लिए स्थान-स्थान पर प्लेटफार्म बनने थे लेकिन नहीं करवाए गए हैं। इसके साथ ही मंदिर परिसर के बाहर गार्डन निर्माण करवाया जाना चाहिए थे लेकिन नहीं करवाया गया है।

### इनका कहना है...

एजेंसी से ही पौधरोपण हम करवाएंगे। इसके साथ ही जो काम अधूरे छोड़े गए हैं, उन्हें भी जल्द पूर्ण करवाया जाएगा।

- पीएन धनवाल,
सब इंजीनियर, पीडल्यूडी, राजगढ़

### करीब 400 पेड़ काटे लेकिन एक भी नहीं लगवाया

शारदेय नवरात्र के पूर्व जालपा मंदिर धाम पर सड़क निर्माण एवं रिटेनिंग वॉल का काम करवाय गया था। इस दौरान निर्माण में बाधा बन रहे करीब 400 से अधिक छोटे-बड़े पेड़ों को काटा गया। शासन के नियमानुसार जितने पेड़ काटे जाते हैं उसके चार गुना पेड़ रौपने का प्रावधान रहता है। लेकिन, निर्माण एजेंसी ने एक भी पौधा यहां नहीं लगवाया है। जबकि, पीडल्यूडी के कार्यपालन यंत्री आकाष दुबे ने उस समय आष्वासन दिया था कि जिलाधीष के हाथों पौधारोपण करवाया जाएगा। परन्तु, कार्यपूर्णता के बाद विभाग यह सब भूल चुका है।

### खिलचीपुर तरफ की एप्रोच रोड नहीं बनी

जालपाजी सड़क निर्माण के समय खिलचीपुर तरफ से आने वाले श्रृद्धालुओं, वाहनों के लिए एप्रोच रोड बनवाई जानी थी। इसके लिए विभाग ने ठेकेदार से चूने की मार्किंग भी करवा दी थी। प्रसादी आदि की दुकानों के पीछे से यह एप्रोच रोड बननी थी लेकिन ठेकेदार बगैर निर्माण किए ही काम ऐसे ही छोड़कर चला गया।

# कंटेनर से टकराकर चकनाचूर हुई कार, दंपती सहित 3 की मौत

## पचोर के नजदीक सरेड़ी गांव के निकट हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह पचोर-सारंगपुर मार्ग पर एक कार खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी। हादसे में एक महिला समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायलों को पचोर अस्पताल भिजवाय गया, जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें शाजापुर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के सोलापुर निवासी पांच लोग अयोध्या से वापस सोलापुर क्षेत्र में लौट रहे थे। इस दौरान पचोर-सारंगपुर मार्ग पर सरेड़ी के नजदीक इनकी कार खडे कंटेनर से जा टकराई। दुर्घटना में अत्तार रमिला पत्नी मजबूल अहमद उम्र 30 वर्ष, हमजी पिता अमीन सत्ता उम्र 35 वर्ष एवं भगवान दगडू पंवार उम्र 32 वर्ष ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं अनिल पाटिल एवं दिलावर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतक रमिला एवं हमजी पति-पत्नी हैं एवं कार भगवान चला रहा था। पुलिस के अनुसार दोनों गंभीर घायलों भगवान एवं अनिल की हालत गंभीर बनी हुई है।

### कार के गेट तोड़कर निकाले शव

*सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे हुआ यह हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी चकनाचूर हो गई। वहीं, मृतकों एवं घायलों को कार के गेट आदि तोड़कर जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।*

# अज्ञात कारणों के चलते 50 वर्षीय व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी



**सारंगपुर।** ग्राम भेसवा माता रामघाट बडली पर रविवार को ग्राम गेहूंखेड़ी भोपाल निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ पर रुमाल का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गेहूंखेड़ी भोपाल निवासी घनश्याम पिता भेरुलाल सिसोदिया उम्र 50 वर्ष जो अपने रिश्तेदार के यहां मां बिजासन भेसवा माता में मानता के कार्यक्रम में ग्राम भेसवा आए थे। जहां अज्ञात कारणों के चलते घनश्याम ने भेसवा माता रामघाट पहाडी पर पेड़ से गमछा (रुमाल) बांधकर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची मोका पंचनामा बनाकर सिविल अस्पताल लाया गया जहाँ शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंपा है। लीमाचौहान पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

# आकांशी जिलों की सूची से बाहर निकलने बैठक में बनाई रणनीति

## 90 दिनों में 6 पैरामीटरों पर बेहतर कार्य करेंगे विभाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला देश के चुनिंदा आकांशी जिलों की फेहरिष्त में शामिल है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण सहित अन्य क्षेत्रों में नीति आयोग द्वारा तय पैरामीटर पर जिला खरा नहीं उतर पाया है। पिछले कई सालों से इसके लिए काम चल रहा है फिर भी हम आकांशी सूची शामिल हैं। इसके के चलते सोमवार को जिला पंचायत सभागर में नीति आयोग के आकांशी ब्लॉक, आकांशी जिला कार्यक्रम के तहत संपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हुई बैठक में कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया, जिपं सीईओ महीप किशोर तेजस्वी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में टेटवाल ने कहा कि नीति आयोग के सभी 6 पैरामीटर अतिमहत्वपूर्ण हैं। तय लक्ष्य को हमें निर्धारित हुई 90 दिनों की समय-सीमा में पूरा करना है।

### 30 सितंबर तक का बनाया लक्ष्य

स्वास्थ्य विभाग, षिक्षा विभाग, कुपोषण, कृषि, सामाजिक विकास आदि पैरामीटरों के लिए 30 सितंबर तक का लक्ष्य पूर्णता हेतु दिया गया है। बैठक को जिपं अध्यक्ष चंदर सौंधिया, नीति आयोग की स्टेट को-ऑर्डिटनेटर सुश्री तमन्या यादव ने भी संबोधित किया। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्षनियों का अवलोकन भी अतिथियों ने किया।

### गलत खातों में पैसे डालने के कारण मजबूर हुए अभिभावक

# इंदौर से खरीदी गई यूनीफार्म पहनेंगे अब सरकारी स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



शासकीय प्राथमिक विद्यालय फुंदीया में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ एवं बीआरसी शोभना शास्त्री की उपस्थित में गांव फुन्दिया के स्कूल में बच्चो को ड्रेस का वितरण किया गया। गांव के युवाओं द्वारा धनराशी एकत्र कर उनके सहयोग से प्रायवेट स्कूलो जैसी ड्रेस खरीदी गई। ज्ञात हो कि इस वर्ष गलती से सरकार द्वारा 22 जिलों में गणवेश की राशि गलत खातो मे डाल दी गई थी जिसके कारण स्कूलों में नहीं थी बच्चों के पास ड्रेस।

विगत वर्ष में भी युवाओ के द्वारा गांव के सरकारी स्कूल के लिये डिजिटिल स्टेल सभी कक्षाओ में ,मार्कर बोर्ड साल भर के उपयोग हेतू मार्कर ,01 स्मार्ट क्लास रुम का निर्मित की गई थी जिसमें 55 इंच एल.ई.डी., सीसीटीवी केमरे लगवाये , सभी कक्षाओ में मेट (कारपेट) बिछवाई गई थी तथा स्कूल की बाऊन्ड्री जाली लगवाकर वाटिका का निर्माण करवाया गया था जिसमे कई प्रकार के महंगे महंगे पेड़ पोधे लगाये गये सरंक्षण भी किया गया। गांव के युवा विकास संगठन के द्वारा स्वंय के व्यय से स्कूल में अध्यनरत सभी बच्चो के लिये इन्दौर से उच्च गुणवत्ता की ड्रेस खरीद कर लाई गई जिसमे युवा संघटन ने उक्त ड्रेस वितरण के लिये विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ को बतौर मुख्य अतिथि के रुप मे आमन्त्रित किया गया विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ सोनी एंव विकास खण्ड अधिकारी मेडम के द्वारा शासकीय मा.विधालय के कक्षा 1 से 08 वी तक के बच्चो को ड्रेस वितरण किया गया। विगत वर्ष में भी युवा संघठन के द्वारा एक ही दिन में सवा लाख रुपये इकट्ठा कर बच्चो को डिजिटिल स्टेल प्रदान कक्षा 8 वी स्मार्ट क्लास के रुप में विकसित करना जिसमें 55 इंच स्मार्ट एल.ई.डी.टीवी, क्लास में विभिन्न प्रकार के फ्लेक्स लगवाये गये। स्कूल व ग्राऊन्ड में सीसीटीवी केमरे लगवाये, सभी कक्षाओ में मेट (कारपेट) बिछवाई गई। ग्राऊन्ड में लोहे के पोल लगा कर जालीदार बाऊन्ड्री की गई तथा उसमें कई प्रकार के मंहगे- मंहगे व आकर्षक पेड पोधे लगवाये गये तथा पास के कुँए में पानी की मोटर डालकर उनमें रोजाना पानी डालने की व्यवस्था की गई है , जिनको रोजाना गाँव के युवा पानी देकर उनका आज तक भी सरंक्षण कर रहे है। युवा संघठन के द्वारा बताया कि गाँव के सरकारी स्कूल मे अब बच्चे एक जैसी ड्रेस पहन कर स्कूल आयेगे उससे उनमे एकरुपता आयेगी एंव अनुशासित रहेगे तथा बच्चो को प्रायवेट स्कूल जैसा माहोल मिलेगा, बच्चो को निजी स्कूल जैसी फिलिंग आयेगी, युवा संघठन चाहता है कि गांव के सरकारी स्कूल मे भी प्रायवेट स्कूलो जेसे अच्छे संसाधन उपलब्ध हो, गाँव के गरीब तबके के बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके तथा गाँव के सभी वर्ग के लोग प्रायवेट स्कूलो की तरफ ना भाग कर अपने अपने बच्चो को गाँव मे ही सरकारी स्कूल मे पढाये इसके लिये युवा संघठन लगातार प्रयास कर रहा है तथा इसके लिये और भी कई कदम उठाये जायेगे जिसमे समस्त स्कूल स्टाफ व युवा विकास संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में विधायक ने किया पौधारोपण

# मेरा लक्ष्य हरा-भरा नरसिंहगढ़ : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

सोमवार को दोपहर 4 बजे के करीब नगर के मुख्य मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामने डिवाइडर पर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण महाअभियान में विधायक मोहन शर्मा ने नगर के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेताओं नागरिक गणों के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते हुए वर्षों में वृक्षों की कमी के कारण हमें बुरा समय देखने को मिला है। हम इस अभियान में अधिक से अधिक पौधा रोपण का अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध करें। मेरा लक्ष्य है कि नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र हरा भरा हो। इस दौरान उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी केवी सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश जागीरदार, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह राणा, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राधेश्याम पचवारिया, महेश भावसार, प्रमोद सक्सेना, मनफूल सिंह बना, गोपाल राठौर, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, आशीष सक्सेना, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, रमेश मालवीय, सचिन गिरी, प्रतिनिधि दिलीप बना, मोहन वर्मा, कमल दला, रोहित शर्मा, रवि पाल, मंगलसेन, विशाल शर्मा, नीरज राठौर, आनंद मैनपुरिया, नगर परिषद उपयंत्री श्वेता सुमन गोपाल सक्सेना, मनोज शर्मा, सब इंजीनियर अमन मुकदल आदि सैकड़ों की संख्या में नगरीकरण उपस्थित थे।

## नपा ने बैकलेन की सफाई और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की



**सारंगपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत शासन द्वारा एक दिवसीय अभियान चलाये जा रहे है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका सारंगपुर सीएमओ एलएस डोडिया के निर्देशानुसार सारंगपुर के वार्ड 2 में बैकलेन की सफाई एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें प्रथम विजेता को सम्मानित किया। नागरिकों को कचरे को अलग अलग भागों में कर कचरा वाहन में ही डाले खुले में नही फेकने अपील की गई। उपरोक्त गतिविधि में स्वच्छता सभापति अमित गिरजे,पार्षद प्रतिनिधि रफीक मंसूरी नगर पालिका से स्वच्छता नोडल अधिकारी रीना सिंह गुप्ता उपयंत्री विक्की ब्राह्मने राजस्व प्रभारी सूर्यप्रकश झाला जलकर प्रभारी राजकुमार गिरजे स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे गोकुल पुष्पद , वार्ड दरोगा जीतेन्द्र भैरवे मनीष गिरजे शिव गिरजे उपस्थित रहे।

# काकरियां मीना में पौधारोपण व विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया




**कुरावर।** कांकरिया मीना समीपस्त ग्राम काकरियां मीना में सोमवार को सुबह 11 बजे के करीब विधायक मोहन शर्मा ने भगवान देवनारायण के मंदिर परिसर में पौधारोपण किया एवं उपस्थित ग्राम वासियों को वृक्षों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने 9.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आंगनवाड़ी केंद्र एवं मंदिर परिसर में 5 लाख की लागत से निर्माण होने वाले सार्वजनिक कुएं का भूमि पूजन किया एवं 14 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होने वाले सुदूड़ सड़क का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2003 से लगातार भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य यही रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत आवश्यक विकास कार्यों को किया जाए हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है और इसे हम निरंतर करते रहेंगे भगवान देवनारायण का मंदिर हमारे क्षेत्र के लिए आस्था का केंद्र है। इसके विकास के लिए और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आगे भी हम अनेकों विकास कार्य संपन्न करेंगे। कार्यक्रम को ग्राम के सरपंच एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश सागवालिया आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन दीपक सक्सेना ने किया। आभार भाजपा मंडल महामंत्री एवं पीपलखेड़ा सरपंच मनफूल सिंह बना ने माना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत के सीईओ राजीव मिश्रा, एसडीओ संजीव वर्मा, इंजीनियर विनय कुशवाहा, महिला परियोजना अधिकारी दिव्या तिर्की,पंचायत के उपसरपंच विक्रम सिंह मीणा, सचिन दीवान सिंह पवार, रोजगार सहायक विश्राम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर दिनेश सगवलीया, रामकेश मीणा, राकेश मीणा, राज बहादुर सिंह, सीताराम मीणा आदि सैकड़ो ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### योगेश मीणा ने देश में 11वीं व प्रदेश में पहली रैंक अर्जित की

# केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में अस्टिंट कमांडर पद पर योगेश मीणा का चयन, जिले का नाम रोशन किया

### ऑनलाइन कोचिंग के जरिए पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में अस्टिंट कमांडर पद पर योगेश मीणा का चयन हुआ है। प्रतियोगी योगेश मीणा ने देश में 11 वीं और प्रदेश में पहली रैंक अर्जित की है। उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग के जरिए उक्त सफलता अर्जित कर प्रदेश सहित जिले का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिए ली जाने वाली प्रतिष्ठापूर्ण परीक्षा में ब्यावरा क्षेत्र की दो प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से देश में अपनी सफलता अर्जित की है। ब्यावरा क्षेत्र के ग्राम उमरेड़ और लहरचा गांव के रहने वाले दो होनहार युवाओं का केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अस्टिंट कमांडर पद पर चयन हुआ है। लहरचा के योगेश मीणा ने इस पद पर 11वीं रेंक हांसिल की है, जबकि उमरेड के रोहित लववंशी ने 100वीं रेंक हासिल की है। दोनों युवाओं की प्रारंभिक शिक्षा ब्यावरा में हुई है। दोनों के पिता और परिवार ब्यावरा में रहता है। उल्लेखनीय है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवाओं की तरह ही इसी गुरप के वर्ग एक एवं दो में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिए परीक्षा ली जाती है। इस परीक्षा में ब्यावरा के दो युवाओं का चयन हुआ है।



### देश के टॉपरों में शामिल हैं योगेश मीणा

*ब्यावरा जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ पीसीओ ग्राम लहरचा निवासी मोहरसिंह मीणा के सुपुत्र योगेश मीणा ने अपनी प्रतिभा से सभी को चकित किया है। घर पर ही ऑनलाइन दिल्ली से तैयारी की है, जो उसकी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने देश भर में 11 वीं रेंक और मप्र के सफल प्रतिभागियों में प्रथम रेंक हासिल की है। योगेश ने 12 वीं तक की परीक्षा ज्योति कान्वेंट से की और स्नातक इंदौर से की है। बचपन से ही प्रतिभाशाली योगेश ने कक्षा 12 वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया था। स्नातक करने के बाद यूपीएससी की परीक्षा ऑनलाईन कोचिंग के माध्यम से ब्यावरा में घर रहकर ही की थी।*

### घर पर तैयारी कर हुए सिलेक्ट

*ब्यावरा के एक और छात्र रोहित लववंशी की सफलता भी प्रेरणादायक है। उन्होंने 100 वीं रेंक प्राप्त की है। वे हिन्दी मीडियम के छात्र रहे हैं। उन्होंने मानस हायर सेकेण्ड्री स्कूल से 12 वीं प्रथम श्रेणी में अर्जित करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया। दिल्ली में कुछ वर्ष रहकर कोचिंग करने के बाद वे ब्यावरा आ गये और अपने सुठालिया रोड़ स्थित घर से अपनी तैयारी की। रोहित ने हिन्दी के साथ अंग्रेजी मीडियम में अपने आप को काबिल बनाया। वे इसके पूर्व भी कई बार यूपीएससी, एमपीपीएससी की परीक्षा में चयनित हो चुके है। कभी मेंस, कभी इंटरव्यूह तक पहुंच चुके थे। अभी उनका एमपी पीएससी में भी सफलता प्राप्त होने का अनुमान है। इसका रिजल्ट आना शेष है। उनकी इस सफलता पर उनके पिता राधेश्याम लववंशी ने प्रसन्नता व्यक्त की है।*

खबर संक्षेप

## स्वच्छता के लिए नपा ने चलाया अभियान चलाया



**आष्टा।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत निकाय आष्टा में 9 जुलाई को विशेष प्लाग रन अभियान चलाया गया और शहर वासियों को यह संदेश दिया गया कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। आस-पास और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखे। हम सभी को मिलकर सामुहिक रूप से शहर को स्वच्छता अभियान में नंबर वन बनाने में मदद करनी है। स्वच्छता प्लाग रन में नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाडा और स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राय सिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सिद्दिका बी, भुरू भाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना और सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी की टीम के सहायक यंत्री आकाश गुएतर, उप यंत्री प्रमोद कुमार साहू, अनिल धुर्वे, आदित्य तलनीकर साथ ही जन प्रतिनिधि डॉ सलीम खान, कमलेश जैन, डॉ राजकुमार मालवीय, हिफजुर्रहमान भैया मिया, राशेदा अनवर हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती सुभाष नामदेव, शेख रइस, नूर जहां अतिक कुरेशी, जाहिद खान गुड्डू, अनिता कालू भट्ट, तारा कटारिया तेज सिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी चोरसिया लता तेजपाल मुकाती, एवं समस्त नगर पालिका स्टाफ एवं स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते समस्त दरोगा और समस्त सफाई कर्मचारी एवं नागरिक जन ने प्लाग रन में भाग लिया अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक किया।

### गायों की दुर्घटनाओं को देखते हुए युवाओं ने फिर तैयार किया गो विश्राम गृह

# युवाओं की पहलः लगातार पांच साल से किया जा रहा गो विश्राम गृह का निर्माण

एक निजी प्लाट की जमीन पर 40 से 50 गोवंश का रात्री के लिए बनाया विश्राम गृह। गायों के विश्राम गृह से आमजन को सीधे जोड़ने के लिए युवाओ ने एक घर-एक रोटी का सिद्धांत अपना रखा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गो माता के कष्ट हरने के लिए नगर के अन्नपूर्णा नगर के युवा सबके लिए मिसाल बने हुए हैं। लगतार पांच वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में गाय का दर्जा माता का है, लेकिन इसके बाद भी गायें उपेक्षा की शिकार हैं और उन्हें तरह तरह के कष्ट से घिरा देखा जा सकता है। युवाओं के मन में गो माता के देखभाल का विचार आया। युवा अपने संकल्प से पीछे नहीं हटे और अपने मिशन में लगे रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि युवाओ ने कुछ लोगो के जनसहयोग से महज कुछ दिनो में अस्थायी विश्राम गृह शुरू कर दिया। युवाओ द्वारा नगर में आवारा घूमती गायों को देख उन्हें एक स्थान पर सम्मान के साथ रखने का ख्याल आया। लोगों से कहाकि मेहनत हमारी और सहयोग आपका तो हम गोवंश को रात्री में होने वाली दुर्घटनाओ से संभाल सकते हैं। लगतार पांच वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गौमाता के संरक्षण के लिए गतदिनो दिए गए आदेष का पांच वर्षो से यह युवा वहीं कार्य कर रहे है जो सराहनीय कदम है।

### एक घर-एक रोटी का सिद्धांत

गायों के विश्राम गृह से आमजन को सीधे जोड़ने के लिए युवाओ ने एक घर-एक रोटी का सिद्धांत अपना रखा है। मोहल्ले का भ्रमण कर प्रत्येक घर से रोटी एकत्रित की जाती है। बारिश के समय आवारा रोड पर घुमने वाली गाय सडक पर बैठी रहती है जिसके कारण आए दिन दो पहिया एवं चार पहिया वाहन द्वारा गौवंष को टक्कर मार दी जाती है जिससे उन्हे काफी चोटे आती है। दुर्घटनाओ को देखते हुए युवाओ ने एक अस्थाई व्यवस्था की है जिसका नाम कामधेनु विश्राम गृह रखा गया है। युवाओ का कहना है कि गोषाला खोलने में उनके रहने के साथ खाने की व्यवस्था करनी होती है जिसके लिए काफी राषी चाहिए होती है परन्तु राषि नहीं होने से हमने गौषाला नही खोलते हुए गोमाता की सुरक्षा एवं उनकी देखरेख को लेकर उनके विश्राम के लिए एक निजी प्लाट पर एक बाडा तैयार किया है। तहसील क्षेत्र से लेकर थाना परिसर तक सडक पर बैठने वाली गोवंश के लिए हमने यह व्यवस्था की है। जिसमें रात्री के समय गायों को रखने के लिए अस्थाई बाड़ा तैयार किया गया है। बारिष एवं रात्री दुर्घटनाओ से गौवंष को बचाने के लिए शाम 7 बजे उन्हे विश्राम करने अन्दर छोड दिया जाता है तथा सुबह 6 बजे गोवंश को चरने के लिए छोड दिया जाता है।

### गायों का दर्द देख दुखी हो जाते हैं युवा

युवाओ ने बताया कि जावर नगरीय क्षेत्र है परन्तु यहा एक भी गौषाला नहीं है हम जब भी सडक पर निकलते है तो गो-माता की हालत देखकर बड़ा दुख होता था। गोषाला के लिए काफी राषी चाहिए होती है परन्तु राषि नहीं होने से हमने गौषाला नही खोलते हुए गोमाता की देखरेख को लेकर उनके विश्राम के लिए एक बाडा तैयार किया है। जिसमें वे रात्री एवं बारिष से बचने के लिए विश्राम कर सके।

### घर-घर से देते है रोटी, गेहूं और आटा

अन्नपूर्णा नगर में अवारा घुमने वाली गौवंष के लिए अस्थाई विश्राम गृह बनाया गया है जहा पर पानी का प्रबंध किया गया है। गो-माता के लिए हरा चारा, भुसा, रोटी, गेंहू, आटा आदि मोहल्लेवासी दे जाते हैं।

### युवा पांच साल से कर रहे व्यवस्था

युवाओ द्वारा नगर में आवारा घूमती गायों को देख उन्हें एक स्थान पर सम्मान के साथ रखने का ख्याल आया। गो विश्राम गृह से युवाओ ने कहाकि हम गोवंश को रात्री में होने वाली दुर्घटनाओ से संभाल सकते हैं। लगतार पांच वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है।

# वन अमले ने कार्रवाई कर जब्त की सागौन की लकड़ी

**आरोपी हो गए फरार**



**खाचरोद।** वन अमले ने कार्रवाई कर जब्त किया लकडी और वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

डीएफओ मगन सिंह डाबर, एसडीओ राजेश शर्मा के निर्देश पर वन विभाग की टीम द्वारा लकड़ी माफियाओं पर सख्त नजर रखी जा रही है। वहीं मुखबिर भी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए वन विभाग का सहयोग कर रहे हैं।

रोल गांव सर्किल के डिप्टी रेंजर शैलेंद्र सिंह जोकी छुट्टी पर रहते हुए भी अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। उनको उनके गांव पर मुखबीर से सूचना मिली की एक ओमनी वाहन अवैध सागोन भरकर बड़कोला से आष्टा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर शैलेंद्र सिंह ने तत्काल वन विभाग की टीम को खाचरोद बिजली घर चौराहे पर पहुंचने को कहा। सूचना मिलते ही प्रभारी डिप्टी रेंजर रंजना भंसाली अपनी टीम को लेकर बिजली घर चौराहे पर पहुंची वन विभाग की टीम को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। वन विभाग की टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 24 नग चटपट सागवान पाई गई। वाहन ओमनी व चटपट 24 नग सागवान की कीमत 100792 आकी गई वाहान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर राज साथ की कार्रवाई की जा रही है।

विभाग को मिली सफलता में प्रभारी रेंजर छगनलाल भिलाला, डिप्टी रेंजर रंजना भंसाली, वनरक्षक दीपेश राठौर, कपिल यादव, जितेंद्र ठाकुर, चंचल चंदेल, फेजल बरनी, विजय कुमार वर्मा, स्थाई कर्मी राम सिंह, दरियाव सिंह, सुरक्षा श्रमिक शरीफ खान के साथ इस कार्रवाई में सबसे महत्वपूर्ण योगदान स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा, दशरथ सिंह ठाकुर का रहा।

## अमरनाथ यात्रियों का जत्था आज होगा रवाना



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाबा बर्फानी के दर्शनार्थ युवाओं का जत्था सीहोर से जाता है। इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रियों का जत्था बुधवार को मालवा एक्सप्रेस से रवाना होगा। इसके पूर्व सीहोर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्रं. 2 पर हिन्दु उत्सव समिति द्वारा अमरनाथ यात्रा के लिये जा रहे यात्रियों की मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं सहित पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जायेगा। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने हिन्दु उत्सव समिति सदस्य, पदाधिकारियों सहित नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। बाबा बर्फानी भक्त मण्डल के सदस्यों ने आज हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को आमंत्रण पत्र देकर इस धर्ममय मौके पर उपस्थित होने की अपील की है।

# एक पेड़ मां के नामः शामा शाला में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बमुलिया रायमल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत बमुलिया रायमल द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम शा.मा.शाला , श्मशान घाट, ग्राम पंचायत, सहित अनेक जगह पौधरोपण किया गांव के सरपंच प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभी देशवासियों से आव्हान किया है कि देश के युवा मातृशक्ति और सभी से अपील की है कि हर नागरिक मां के नाम का एक पौधा जरूर लगाएं।


उनकी इस पहल पर नागरिकों द्वारा अपने अपने स्थान पर वृक्षारोपण किया जा रहा है इसी कार्यक्रम में सचिव ओमप्रकाश आर्य, सरपंच प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, शिक्षक प्रेम नारायण परमार, विजेंद्र सरदार, दिनेश शर्मा, नाराण सिंह दरबार,लखन सिंह ठाकुर, राहुल मालवीय, योगेन्द्र ठाकुर, सूरज सिंह एवं सभी कर्मचारी एवं ग्रामीण जनो की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।

## संकल्प के साथ किए पौधे रोपित

**सीहोर।** एक वृक्ष माँ के नाम के संकल्प के साथ पर्यावरण के बदलाव के दुष्प्रभाव को देखते हुए जल एवं वृक्ष संरक्षित करने का प्रयास का प्रण लिया साथ ही श्री सत्य साई विश्व विद्यायलय के स्कूल ऑफ लॉ विभाग में दिनांक 8 जुलाई 2024 को पौधा रोपण कार्यक्रम अयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज की डीन डॉ. अमृता सोनी एवं विभाग अध्यक्ष श्रीमति शोभना व्यास कृषि विभाग से जितेंद्र लोधी, वीरबल कुशवाह, हरिसिंह रघुवंशी, मखसूद एवं छात्रों ने शीशम, चंदन, अर्जुनी, सगोंन, आम, जामुन, कटहल, बरगद, पीपल, अमरुद् सहित अनेक प्रकार के फल, फूल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। पौधा रोपण कार्यक्रम में श्रमदान करने वाले अतिथियों का सस्था के सचिव जुनेद अंसारी, समाज सेवी बुशरा ने सभी का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

# ग्राम मेहतवाड़ा में किया रोड का भूमि-पूजन श्रीराम मंदिर से जैन मंदिर तक होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



श्री राम मंदिर एवं जैन मंदिर जाने के लिए मुख्य मार्ग जो काफी दिनों से अपेक्षित था। इस मार्ग पर पूरे वर्ष नालियों का पानी रोड पर बैहता था। उसे मंदिर जाने वाले या आम नागरिक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। काफी समय से इस मार्ग की मांग की जा रही थी।

जिसे पंचायत के उपसरपंच धर्मेंद्र पहलवान वार्ड नंबर 10 के मेंबर इरफान पठान, वार्ड नंबर 2 के मेंबर पंकज जैन, वार्ड नं 11 के मेंबर प्रतिनिधि राहुल कुंवर के अथक प्रयास से ग्राम पंचायत मैहतवाडा के सरपंच किरण अर्जुन मालवीय द्वारा रोड बनाने से ग्रामवासी और भक्तों की समस्या दूर होगी। रोड का भूमि पूजन समाज के वरिष्ठ वायु व्रत डालचंद जैन द्वारा उपसरपंच धर्मेंद्र पहलवान ने करवाया इस मौके पर गगन सिंह पहलवान ,ज्ञान सिंह मामा ,सोहीत सोलंकी, नदीम पहलवान, तेज सिंह, सज्जन सिंह,आदि वरिष्ठ जन उपस्थित थे। जैन समाज के सभी सामंजन उपस्थित थे। इस मार्ग का बनने पर जैन समाज के सभी जनों ने उपसरपंच धर्मेंद्र पहलवान को धन्यवाद कर सम्मान किया और ग्राम पंचायत मेहतवाडा को धन्यवाद दिया।

# मिलेगी राहतः सीसी रोड निर्माण कार्य हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नागरिकों की समस्या का समाधान करते हुवे कायाकल्प योजना अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 के मध्य सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारम्भ किया उक्त अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध द्वारा बताया गया कि नगर परिषद् जावर सतत विकास कार्यों को गति दे रही इसी क्रम में वार्ड 8 एवं 9 के मध्य रोड निर्माण कार्य को प्रारम्भ किया गया है नगर परिषद् जावर विकाश के नए आयाम प्राप्त कर रही है। उक्त निर्माण कार्य पर वॉर्ड 8 पार्षद कैलाश मालवीय एवं वार्ड 09 की पार्षद मनीषा बहादुर परिहार द्वारा बताया गया की उक्त रोड के बनने से बरसात के कारण जो नागरिकों को समस्या होती थी वहां अब नहीं होगी वार्ड वासियों द्वारा बार-बार उक्त रोड निर्माण हेतु बोला जा रहा था वार्ड वासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए उक्त रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है जो कि जल्द ही पूर्ण कर दिया जाएगा उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, पवन मालवीय तथा वार्डवासी उपस्थित थे।

### नेमिनाथ जिन मंदिर में चल रही धर्म सभा में ब्रम्हचारी संजय भैया ने दिए आशीर्वचन

# स्वयं का विवेक जाग्रत किए बिना कल्याण असम्भवः संजय भैया





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

उक्त आशय के उद्गार श्री नेमिनाथ जिन मंदिर में चल रहे धर्म सभा के दौरान ब्रम्हचारी संजय भैया ने व्यक्त किये उन्होंने बताया कि प्रथमानुयोग पड़ने से धर्म के प्रति श्रद्धा बनती है चोरे छोटे दृश्टान्त से हम धर्म के प्रति लो लगा सकते हैसंसरी जीव समझ नही पाता कि हमारा वैभव कितना है हमारे अंदर भी कितनी शक्ति विद्मान है जिसके पास स्वयं का अंदर का ज्ञान नही है उनके लिए शास्त्र भी कुछ करने वाले नही है स्वयं का विवेक जाग्रत किये बिना कल्याण असम्भव है चाहे कितने ही शाष्त्र पडलो बिना विवेक बुद्धि के कुछ भी नही होता अन्यथा शाष्त्र कुछ केवल शास्त्र को प्रतिदिन अर्घ्य चढ़ाने से कुछ नही होगा जब तक हम उन्हें विवेक पूर्वक अध्ययन नही करतेज्ञान का फल क्या है ज्ञान का फल हित की प्राप्ति ओर अहित का परिहार जिससे होता हो वही सच्चे ज्ञान का फल है क्षहढाला में आत्मा का हित बहुत अछे से बताया गया है आकुलता मोक्ष में नही है हमे मोक्ष मार्ग में ही लगे रहना चाहिए जीव का पूर्ण रूप से स्व हित मे लग जाना हीहम प्रतिदिन मन्दिर आते है पूजा पाठ अज्ञानी प्राणी आर्त ध्यान में निरन्तर लगा रहता है वे मुड़ जीव कहलाते हैवे इस लोक में ओर परलोक में अपने हित को प्राप्त नही कर पाते हैतत्वार्थ सूत्र ग्रन्थ में बताया गया है कि धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान मोक्ष में कारण हैओर शुरू के दो ध्यान आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान संसार के कारण है जिसकी बुद्धि और ध्यान अच्छा होगा वह इन दोनों ध्यान से बचने का प्रयास करते है जो जीव शांति से जीवन यापन कर रहा है धर्म ध्यान में लगा रहता है।

# वार्ड क्रमांक एक में पार्षद ने डलवाई मुरुम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वार्ड क्रमांक एक के पार्षद राजेंद्र कुमार भरेवा ने अपने वार्ड में मुरुम डलवाई। जावर वार्ड क्रमांक 1 में कई साल से बारिश के दिनों में पानी जमा होने से किचड और दलदल की स्थिति निर्मित हो जाती थी। जिस के कारण मार्ग पर राहगीरों, वाहन चालकों के साथ रहवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पडता था। इसी पुरानी समस्या को पार्षद के द्वारा दूर किया गयाा। आने जाने वाले रास्ते पर मुरम डलवाई। किसानों को अपने खेत और घर जाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बारिश में किसानों को इस रास्ते से जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए पार्षद राजेंद्र भरेवा ने मुरम डलवाई जिस्से किसानों को कोई परेशानी ना हो।